मतदाता जागरूकता

चर्चा में क्यों

15 नवंबर, 2021 को उत्तराखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) सौजन्या ने महिलाओं और युवाओं को मतदाता सूचियों में पंजीकरण के लिये प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य सचिवालय से मतदाता जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रमुख बिंदु

- सीईओ सौजन्या ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए वर्तमान में मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम चल रहा है और ये वैन इस कार्यक्रम के बारे में जागरूकता पैदा करेंगी।
- उन्होंने कहा कि गढ़वाल और कुमाऊँ मंडल में एक-एक वैन को सेवा में लगाया गया है। ये वैन 15 से 22 नवंबर तक गढ़वाल और कुमाऊँ मंडल के विभिन्न क्षेत्रों को कवर करेंगी।
- उन्होंने कहा कि कलाकारों की एक टीम वैन के साथ जाएगी और वे नुक्कड़ नाटकों द्वारा जागरूकता पैदा करेंगे। वैन में स्वीप सामग्री और एक सार्वजनिक संबोधन प्रणाली भी होगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/voters-awareness